तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 जटगा के शासकीय कॉलेज का स्थान बदलने की चल रही कवायद




## खबर संक्षेप

### टीचिंग प्लान प्रतियोगिता में राजेंद्र को मिला तृतीय स्थान

**कोरबा।** राज्य शिक्षा एवं अनुसंधान परिषद रायपुर एवं स्टर लाईट एड इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से राज्य स्तरीय टीचिंग प्लान प्रतियोगिता का आयोजन शंकर नगर रायपुर में किया गया। जिसमें डाइट डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक राजेन्द्र पटेल एवं ओम प्रकाश सिन्हा सहित राज्य के सभी जिलों के डाइट एवं बीटीआई के 36 छात्राध्यापकों द्वारा कक्षा शिक्षण का योजना अनुसार प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। परिषद द्वारा नियुक्त निरिक्षकों निर्णायकों ने अवलोकन के बाद प्राप्त प्राप्तांकों के आधार पर उच्च प्राथमिक वर्ग में डाइट के छात्राध्यापक राजेन्द्र पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस हेतु उन्हें प्रमाण पत्र मेमोन्टो व मेडल प्रदान किया गया है। कक्षा शिक्षण एवं मॉडल की तैयारी पीएसटी प्रभाग से पीके कौशिक, श्रीमती आशु गुप्ता एवं श्रीमती पूजा बघेल की भूमिका रहीं।

### आय-जाति-निवास समय सीमा में जारी करने के निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने राजस्व प्रकरणों का समय सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने लोक सेवा केंद्र अंतर्गत आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र के प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय सीमा में प्रमाणपत्र जारी नहीं होने पर तहसीलदारों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त हिदायत दी है कि आगामी 15 दिवस के भीतर प्रगति लाने के निर्देश दिए और कहा कि एक भी प्रकरण समय सीमा के बाहर नहीं जाना चाहिए। उन्होंने प्रगति नहीं लाने वाले नीचे क्रम के 3 तहसीलदारों के वेतन रोकने की कार्यवाही की बात कहते हुए सभी एसडीएम को मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए।

### भूविस्थापितों का खदान बंदी आंदोलन आज

**कोरबा।** ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने 16 अप्रैल की कोयला उद्योग में भूविस्थापित आंदोलन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि एसईसीएल मुख्यालय में एसईसीएल के 7 क्षेत्रों के प्रभावितों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया था और एक साथ एक ही दिन आंदोलन की नोटिस जारी कर अपनी एकता का परिचय दिया है। 16 अप्रैल को होने वाली हड़ताल से मिट्टी, कोयला और परिवहन कार्य पूरी तरह से प्रभावित होगी और इस आंदोलन से ही कम्पनी स्तर पर पुनर्वास नीति में संशोधन का रास्ता निकल कर आएगा। उन्होंने वर्ष 2021 में हुए आंदोलन और उसके बाद 2022 में संशोधन का जिक्र करते हुए बताया कि पुराने लंबित रोजगार,मुआवजा में बढ़ोतरी, भूविस्थापित टेंडर, जैसी महत्वपूर्ण निर्णय आने से किसानो को लाभ हुआ था।

### राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा 18 से 20 अप्रैल तक

**कोरबा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल मैदान बालको में राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा का आयोजन 18 से 20 अप्रैल तक किया जाएगा। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजनांदगांव जिला सहित अनेक जिलों के खिलाड़ी शामिल होंगे। स्पर्धा का उद्घाटन 18 अप्रैल को संध्या 5 बजे होगा। राज्य हॉकी संघ के मार्गदर्शन में जिला हॉकी संघ कोरबा द्वारा हॉकी खिलाड़ियों की स्पर्धा को आगे बढ़ाने के लिए बालको के खेल मैदान में प्रदेश स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राजनांदगांव, महासमुंद, रायगढ़, ओडिया, बिलासपुर, जांजगीर-चाम्पा सहित अनके जिलों की टीमें हिस्सा लेंगी। तीन दिन तक चलने वाले आयोजन को लेकर बालको हॉकी संघ और जिले के हॉकी खिलाड़ियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। आयोजन में हॉकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव मनीष श्रीवास्तव सहित प्रदेश के राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी शामिल होंगे।

# ग्रामीणों ने ग्राम सभा में घटते भूजल स्तर को बढ़ाने का लिया संकल्प

## अंबेडकर जयंती पर पंचायतों में हुआ ग्राम सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पंचायत चुनाव के बाद अंबेडकर जयंती के अवसर पर पहली ग्राम सभा में पंचायत सदस्यों द्वारा एकमत होकर गांव में घटते भूजल स्तर को बढ़ाने का संकल्प लिया गया और इसके साथ ही जल रोकने के दिशा पर सरकारी योजनाओं के तहत कार्य कराने के प्रस्ताव भी पारित किए गए।

ग्राम सभा में विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव पारित होते हैं। पंचायत प्रतिनिधि गांव के विकास से संबंधित पारित प्रस्ताव को शासन तक भेजते हैं। ऐसे ही ग्राम सभा सोमवार को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर आयोजित ग्राम सभा में जल संकट से निपटने के लिए स्वयं भागीरथी प्रयास करते हुए भूजल स्तर को बढ़ाने का पंचायत प्रतिनिधियों के नेतृत्व में संकल्प लिया। जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले दूरस्थ वनांचल ग्राम पंचायत डोकरमना में आयोजित ग्राम सभा में गांव के विकास के संदर्भ में ग्रामीणों के बीच अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने विकास कार्यों पर चर्चा कर उनके प्रस्ताव तैयार कराए। इनमें सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव गांव में गर्मी के समय व्याप्त जल संकट से निपटने के लिए था। जिसपर ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों के बीच चर्चा हुई कि किस तरह से गांव में भूजल स्तर को बढ़ाया जा सके और इसके लिए प्रशासन के किस विभग से क्या सहयोग लिया जाएगा। इनमें ग्राम मनरेगा से जल संरक्षण के लिए कार्य कराए जाने का निर्णय एकमत होकर पारित किया गया। जिसमें तालाब निर्माण, घर घर में कुंआ निर्माण, पहाड़ी नालों में चेकडेम का निर्माण शामिल हैं।

**खास बातें**

- विकास कार्यों के संदर्भ में चर्चा के साथ प्रस्ताव हुए पारित
- मनरेगा से काम कराने के लिए लिया निर्णय



**महिलाओं की रही सक्रियता**

डोकरमना ग्राम पंचायत की ग्राम सभा में महिला पंचों की ज्यादा सक्रियता देखी गई। जहां की महिला सरपंच अनिता मंझवार हैं और पंचायत के 13 पंचों में 9 पंच महिलाएं हैं। महिला सशक्तिकरण डोकरमना की पंचायत में दिखता है। ग्राम सभा में सभी पंच महिलाओं ने हैंडपंप से पानी नहीं आने, तालाब के सूखने एवं पानी की समस्या को लेकर खुलकर चर्चा की गई। महिलाओं की ओर से पेयजल समस्या का मुद्दा उठाए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया है कि गांव में भूजल स्तर बढ़ाने के संबंध में योजना बनाकर शासन प्रशासन को भेजा जाए और इसपर कार्य किया जाए। इस दौरान जनपद के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## आईलैंड पर कॉटेज बनाकर रात गुजारने का तैयार किया गया था प्लान

# बुका और गोल्डन आईलैंड को संवारने 8 करोड़ का था प्रोजेक्ट, नहीं मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो डूबान क्षेत्र बुका और गोल्डन आईलैंड का नाम सुनकर पर्यटक दौड़े चले आते हैं। इस पर्यटन केंद्र को और बेहतर बनाने के लिए वन विभाग द्वारा 8 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था ताकि जगह-जगह बने आईलैंड को संवाराजा सके और उसे बेहतर बनाया जा सके ताकि पर्यटक आइलैंड में ही रात गुजार सके। ऐसा कुछ वन विभाग के अफसरों ने सोचा था। जिसके लिए 8 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था लेकिन शासन ने अब तक इसकी स्वीकृति नहीं दी है जिसके चलते यह योजना लगभग अब ठंडे बस्ते पर ही नजर आ रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले के बांगो डूबान का एक इलाका जो जिला मुख्यालय से लगभग 110 किलोमीटर दूर टिहरी सराई नामक गांव के पास गोल्डन आइलैंड (छत्तीसगढ़ का मॉरीशस) के नाम से जाना जाता है। इस पूरे इलाके में बांगो डूबान का पूरा क्षेत्र आता है और इस डूबान की खासियत है कि जगह-जगह डूबान क्षेत्र के पानी के बीचों-बीच आइलैंड बना हुआ है। कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत द्वारा बुका और गोल्डन आईलैंड को सवारने की दिशा पर पहल शुरू की थी और वन विभाग द्वारा बुका से भी और बेहतर सुख सुविधा पर्यटन को बढ़ावा मिल सके, इसके लिए कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत ने गोल्डन आइलैंड को चिन्हित किया है और यहां पर्यटकों के लिए क्या-क्या सुविधा मुहैया कराई जा सकती है। इस दिशा पर वन विभाग द्वारा अभी निरीक्षण किया गया था और गोल्डन आईलैंड को कॉटेज बनाकर पर्यटक रात गुजार सकें ऐसी परिकल्पना सोची गई थी और जिसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था लेकिन अब तक शासन ने इसकी स्वीकृति नहीं दी है।


बुका आईलैण्ड।

**नहीं मिली है स्वीकृति**

बुका और टिहरीसरई के आईलैंड को संवारने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। अब तक इसकी स्वीकृति नहीं मिल पायी है। यदि स्वीकृति मिलती है इस पर काम जल्द शुरु कर पर्यटकों के लिए और बेहतर बनाया जाएगा।

-कुमार निशांत
वनमंडलाधिकारी, कटघोरा

# कोरबा व कटघोरा वनमंडल में 104 हाथियों का झुण्ड कर रहा विचरण


सड़क पार करता हाथियों का झुण्ड।

**कोरबा।** जिले के जंगल में 100 से अधिक हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है जिसमें 58 हाथियों का झुण्ड कोरबा वनमंडल के बालको, कुदमुरा और करतला रेंज में विचरण कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर कटघोरा वनमंडल में 46 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है जिसमें 22 हाथियों का झुण्ड केंदई रेंज, 11 हाथी जटगा, 13 हाथी पसान रेंज में डेरा जमाए हुए हैं जिससे वनांचल क्षेत्र में खतरा बढ़ गया है।

कोरबा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुदमुरा वन परिक्षेत्र में एक बार फिर 58 हाथियों का झुण्ड पहुंच गया है। हाथियों के इस झुण्ड को मंगलवार की सुबह गीतकुंआरी जंगल में विचरण करते हुए देखा गया। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, वहीं वन विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी करने के साथ गांवों में मुनादी कराई गई है। हाथियों का यह झुण्ड काफी दिनों से धरमजयगढ़ एवं कोरबा के कुदमुरा रेंज में विचरण कर रहा है। हाथियों का झुण्ड कभी धरमजयगढ़ वनमंडल के जंगल पहुंच जाता है तो कभी जिले के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में विचरण करता है। हाथियों का यह झुण्ड तीन दिन पहले धरमजयगढ़ की ओर गया था लेकिन 48 घंटे तक वहां के जंगल में विचरण करने के बाद सोमवार की तडक़े फिर वापस आ गया और गीतकुंआरी के जंगल में विचरण करने के साथ डेरा डाल दिया है। उधर करतला वन परिक्षेत्र के चिकनीपाली जंगल में आधा दर्जन हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। वहीं कटघोरा वनमंडल के केंदई, पसान व जटगा रेंज में 46 हाथी अलग-अलग स्थानों पर विचरण कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है।

# क्रासिंग में मालगाड़ी का इंजन हुआ खराब, घंटों लगा रहा वाहनों का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला लेकर डीएसपीएम प्लांट जा रही मालगाड़ी के इंजन में खराबी आने की वजह से सीएसईबी चौक रेलवे फाटक पर मालगाड़ी फंस गई। जिसकी वजह से लगभग 1 घंटे तक फाटक बंद रहा और मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घंटों तक लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। दूसरी इंजन मंगाने के बाद मालगाड़ी को रवाना किया गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के डीएसपीएम संयंत्र को एसईसीएल द्वारा कोयले की आपूर्ति की जाती है। रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह 10 बजे कोयला लदी मालगाड़ी सीएसईबी चौक स्थित रेलवे क्रासिंग को पार कर रही थी। इसी दौरान मालगाड़ी के इंजन में तकनीकी खराबी आ गई और लगभग 1 घंटे तक मालगाड़ी फंसे होने की वजह से फाटक बंद रहा। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर लंबा जाम लग गई। जाम में मरीजों से भरी एंबुलेंस, यात्री बसें, ऑटो, कार और बाइक सवार फंसे रहे। इंजन लोड नहीं ले पाने के कारण गाड़ी आगे नहीं बढ़ पाई। इस वजह से फाटक बंद रहा। मालगाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए दूसरा इंजन लगाया गया। काफी प्रयास के बाद मालगाड़ी को रवाना किया गया। स्थानीय दुकानदार गोपी शुक्ला ने बताया कि यह समस्या आए दिन होती रहती है। फाटक बंद होने से उनके व्यापार पर भी असर पड़ता है। सुल्तान खान ने बताया कि कई लोग जान जोखिम में डालकर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से या ऊपर से निकलने का प्रयास करते हैं।

**खास बात**

- सीएसईबी चौक पर फंसी रही मालगाड़ी, लोग हुए परेशान


क्रॉसिंग में खड़ी मालगाड़ी के कारण वाहनों का लगा जाम।

### शराब के नशे में पत्नी से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्यापुरी निवासी एक महिला द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई कि उसका पति शराब के नशे में आकर उसके साथ गाली-गलौच एवं मारपीट कर रहा है।

सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा महिला के पति अनिल कुर्रे उम्र 31 वर्ष पिता राजू सिंह कुर्रे को मौके पर पाया गया। पुलिस की उपस्थिति में भी अनिल कुर्रे अत्यधिक उत्तेजित होकर अपनी पत्नी से दुर्व्यवहार करता रहा एवं थाना परिसर में हंगामा करते हुए शांति भंग की स्थिति उत्पन्न कर रहा था। मौके की गंभीरता को देखते हुए अनिल कुर्रे को पुलिस द्वारा तत्काल हिरासत में लिया गया। प्रथम दृष्टया आरोपी का कृत्य शांति भंग करने योग्य प्रतीत होने पर उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 170 के अंतर्गत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार किया गया।

# बालको को बर्रा कोल ब्लॉक विकसित करने एमडीओ की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने बर्रा कोल ब्लॉक को विकसित करने के लिए माइन डेवलपर सह ऑपरेटर (एमडीओ) की तलाश शुरू कर दी है। कोल ब्लॉक को विकसित करने एमडीओ से आवेदन मंगाए गए हैं।

**खास बात**

- रायगढ जिले के खरसिया में स्थित है बर्रा कोल ब्लाक

बर्रा कोल ब्लॉक रायगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाले खरसिया तहसील में स्थित है। 31.50 स्क्वायर किलोमीटर में फैले इस कोल ब्लॉक में 900 मिलियन टन कोयला भंडारित है। जून 2022 में कॅमर्शियल कोल माइनिंग के तहत नीलामी में बालको ने यह कोल ब्लॉक हासिल किया था। एमडीओ को कार्य में कोल ब्लॉक को विकसित करना, वैधानिक अनुमोदन प्राप्त करना, भूमि अधिग्रहण, आर एंड आर, सर्वोत्तम खनन उपकरण और संचालन तकनीकों के साथ कुशल लॉजिस्टिक्स सिस्टम के माध्यम से बालको संयंत्र तक कोयले की आपूर्ति करना सम्मिलित है। जिले में बालको का एल्यूमिनियम संयंत्र और विद्युत संयंत्र स्थित है। बालको के पास चोटिया कोल ब्लॉक है, लेकिन इससे संयंत्र की जरूरत पूरी नहीं होती है। एसईसीएल से भी बालको को पर्याप्त कोयला आपूर्ति नहीं हा पा रही है। यही वजह है कि प्रबंधन ने अब अपने बिर्रा कोल ब्लॉक को विस्तार देने की कवायद शुरू कर दी है। बिर्रा कोल ब्लॉक खरसिया से लगभग 16 किलोमीटर की दूरी पर है और करीब 24 वर्ग किलोमीटर में यह खदान फैला है। बर्रा, जोबी समेत कई गांव इस कोल ब्लॉक की जद में आ रहे हैं, एसईसीएल ने इसका सर्वे किया है। वहीं बालको ने कोरबा और झारसुकडा विद्युत संयंत्र को देखते हुए इस कोल ब्लॉक पर दांव लगाया है।


फाइल फोटो

## महापौर की अध्यक्षता एवं आयुक्त की उपस्थिति में मेयर इन काउंसिल की बैठक

# सिटी डेवलपमेंट प्लान सहित डेढ़ दर्जन प्रस्तावों को एमआईसी की हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम की मेयर इन काउंसिल द्वारा सिटी डेवलपमेंट प्लान का अनुमोदन किए जाने के साथ ही नगर विकास व नागरिक सुविधाओं से जुड़े लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक प्रस्तावों को आज सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं महापौर ने निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों की विस्तार से समीक्षा की एवं व्यवस्थाओं में अपेक्षित कसावट लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

महापौर की अध्यक्षता एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में मंगलवार को निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सिटी डेवलपमेंट प्लान का अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार निगम क्षेत्रांतर्गत एयर क्वालिटी इम्प्रुवमेंट के लिए डीपीआर तैयार करने, जैन चौक से आईटीआई चौक होते हुए कोसाबाड़ी चौक तक गौरव पथ के निर्माण, टीपीनगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 16 सराईपारा बस्ती में आरसीसी नाली निर्माण, जिला न्यायालय के लिए निगम पैनल लायर की नियुक्ति, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के हितग्राहियों की स्वीकृति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन की स्वीकृति, नालंदा परिसर के निर्माण, वार्ड समितियों का गठन, वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर विशेष सभा के आयोजन, निगम क्षेत्र के वार्डो में स्थित सोसायटियों की जांच के संबंध में, मदिरा दुकान स्थानांतरित करने व नवीन प्रीमियम शाप खोलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा अनुपयोगी पड़े राजीव युवा मितान भवनों के उपयोग एवं सेवानिवृत्ति पश्चात संविदा नियुक्ति सहित अन्य अन्य प्रस्तावों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में हितानंद अग्रवाल, अजय सिंह गोंड़, अजय कुमार चन्द्रा, सरोज शांडिल्य, भानुमति जायसवाल, उर्वशी राठौर, धनकुमारी गर्ग, ममता यादव, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, एई सुरेश बरूवा, उपायुक्त पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला आदि उपस्थित थे।


एमआईसी की बैठक मे उपस्थित मेयर व पार्षद।

**महापौर ने की निगम के विविध कार्यों की समीक्षा**

महापौर ने निगम के विभिन्न जोन व वार्डो के अंतर्गत प्रस्तावित एवं प्रगतिरत विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा कार्यों की कार्यप्रक्रिया में आवश्यक गति लाने, कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने व समयसीमा में कार्यों को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर ने निगम की साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, सड़क रोशनी व्यवस्था सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने साफ-सफाई कार्यों में व्यापक स्तर पर कसावट लाने के निर्देश देने के साथ ही वर्तमान ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पेयजल आपूर्ति की चुस्त-दुरूस्त व्यवस्था कर नियमित व पर्याप्त रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने तथा स्ट्रीट लाईट व्यवस्था से जुड़े कार्ये कसावट लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

### 25 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कि ग्राम गुमिया भांठा नाला के पास निवासी मनोज धनुहार काफी दिनों से लगातार ग्राम गुमिया भांठा गंगदाई नाला के पास में अवैध रूप से हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब बेच रहा है। पुलिस ने मुखबिर के बताये अनुसार गुमियाभांठा गंगदाई नाला के पास पहुंचकर घेराबंदी किया। मौके पर एक व्यक्ति मिला जिसके पास एक 10 ली. वाला सफेद रंग का प्लास्टिक जरीकेन में भरा 10 लीटर हांथ भठठी का कच्ची महुआ शराब तथा एक 15 ली. पीला रंग के प्लास्टिक जरीकेन में 15 लीटर हांथ भट्ठी से बना शराब रखा मिला। जिसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मनोज धनवार बताया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

15 korba-pg2_Layout 1 4/16/2025 12:33 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### क्रिकेट सट्टा खिलाते खाईवाल को पकड़ा

**बिलासपुर।** सरकण्डा पुलिस ने सिविल लाइन क्षेत्र में दबिश देकर आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिलाते खाईवाल को पकड़ लिया है। उनके पास से नकद रकम व सट्टापट्टी जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।



सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली सिविल लाइन क्षेत्र में पत्रकार कालोनी निवासी खाईवाल दिनेश कुमार टेकवानी पिता स्व. लक्ष्मण दास टेकवानी 59 साल के द्वारा लखनउ व चेन्नई के मध्य आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिला रहा है। सरकण्डा पुलिस ने पत्रकार कालोनी में दबिश देकर सट्टा खिलाते दिनेश कुमार टेवानी को पकड़ लिया। उसके पास से 4 प्रति सट्टापट्टी व 3 हजार 200 रुपए मिला। सरकण्डा पुलिस ने उसे कार्रवाई के लिए सिविल लाइन पुलिस को सौंप दिया। सिविल लाइन पुलिस ने 6 क जुआ एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि पूर्व में तोरवा पुलिस ने पकड़े गए खाईवाल दिनेश टेकवानी को क्रिकेट सट्टा खिलाने पर गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई थी।

### युवक पर चाकू से हमला, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लेनदेन के विवाद में युवक पर चाकू से हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 14 अप्रैल को अशोकनगर निवासी अमन द्विवेदी पिता अश्वनी कुमार 25 साल को उसका दोस्त श्रीधर शुक्ला ने फोनकर नंदेश्वर मंदिर के पास बुलाया और कहा पंकज दुबे से पैसे का लेनदेन का हिसाब हो जाएगा। अमन वहां गया तो श्रीधर शुक्ला मिला। कुछ देर बाद अंशु लोहारी, पंकज दुबे, गौरव व अन्य लोग आए। पंकज ने कहा तुम्हारा कोई पैसा नहीं लग रहा हूं। तुम बार बार पैसा क्यों मांगते मांगते हो कहते अश्लील गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट करते हुए बटनदार चाकू से हमला कर दिया। उसके बाद हमलावर भाग गए थे। पुलिस ने पतासाजी कर हमलावर आयुष वाल्मिकी पिता कैलास 20 साल बंधवापारा, अमर सोनी उर्फ सोनू पिता स्व. गोपीनाथ सोनी 21 साल सरकण्डा निवासी को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य हमलावरों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

**180 दुकानों का सत्यापन बाकी**

**बुधवारी, चुचुहियापारा, तालापारा मरीमाई मंदिर रोड की दुकानों में गड़बड़ी तो मिली, लेकिन मामला दबा दिया गया**

# सबसे अधिक गड़बड़ी बिलासपुर में, जांच में सभी 682 राशन दुकानों को दे दी गई ओके रिपोर्ट

**बिलासपुर।** सरकारी राशन दुकानों में राशन की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य विभाग की सख्ती औपचारिकता ही साबित हो रही है। सबसे अधिक गड़बड़ी वाले जिले बिलासपुर की 682 राशन दुकानों में से किसी में भी कोई कमी अधिकारियों को नहीं मिली और सभी को ओके सर्टिफिकेट दे दिया गया है।

खाद्य विभाग का दावा है कि सभी दुकानों में पर्याप्त स्टाक मिले हैं। ऑनलाइन व ऑफलाइन रिकार्ड के साथ ही चावल, शक्कर की बोरियों का मिलान सही पाया गया। हालांकि खाद्य अधिकारियों का कहना है कि अभी 180 के करीब दुकानों के सत्यापन रिपोर्ट इंस्पेक्टरों द्वारा जमा नहीं की गई है। दूसरी ओर जानकारी मिली है कि बुधवारी, चुचुहियापारा, तालापारा मरीमाई मंदिर रोड, दयालबंद की दुकानों में गड़बड़ी तो मिली, लेकिन सत्यापन करने वाली टीमों ने इसे दबा दिया। इन दुकानों में निर्धारित स्टाक से कम राशन मिला है। ज्ञात हो कि खाद्य विभाग के अधिकारियों ने शासन के आदेश पर जिले के 682 राशन दुकानों की जांच की। यह सत्यापन का काम 1 से 10 अप्रैल तक किया गया। इसकी क्या रिपोर्ट आई कोई जानकारी नहीं दे रहा है। खाद्य विभाग के मुताबिक 498 दुकानों के सत्यान की रिपोर्ट खाद्य विभाग को मिल गई है। इसमें फिलहाल तो कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। 180 दुकानों की जांच रिपोर्ट आनी बाकी है।



### जिन दुकानों की जांच नहीं हुई वहां से राशन नहीं

दूसरी ओर खाद्य विभाग के अजीबोगरीब फैसले ने आम लोगों के साथ ही जिले के 682 राशन दुकानदारों को परेशान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक मंत्रालय से आदेश जारी हुआ है कि जिन दुकानों की जांच पूरी हो गई हो वहां से राशन देना शुरू कर दिया जाए। जिन दुकानों की जांच नहीं हुई वहां से राशन न बांटा जाए। खाद्य विभाग के इसी आदेश के बाद कई जिलों के राशन दुकानों में राशन बांटने का काम ही नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही नए आदेश में खाद्य निरीक्षक का आधार राशन दुकान से लिंक कर दिया गया है। निरीक्षक अपने उंगलियों का इंप्रेशन नहीं देगा तब तक दुकान की जांच नहीं हो सकेगी।

### राज्यभर में 216 करोड़ के चावल का फर्जीवाड़ा

केंद्र सरकार की ओर से राज्यभर के राशन दुकानों की जांच कराई गई थी। आरोप लगा कि राशन दुकानों में कई महीने का स्टॉक बाकी होने के बावजूद उन्हें नया स्टॉक जारी किया जाता रहा। राज्यभर में 216 करोड़ के चावल के फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ था। राज्य की 13779 राशन दुकानों को पिछले साल मार्च में ही ऑनलाइन स्टॉक अपडेट करना था, लेकिन केवल 691 राशन दुकानों ने ही किया। 33 जिलों में अभी भी राशन दुकानों से 15.57 लाख मीट्रिक टन चावल और 48 हजार क्विंटल शक्कर गायब है। इसकी कीमत 200 करोड़ से भी ज्यादा है। खाद्य विभाग ने इसी को लेकर आदेश जारी किया है कि जांच पूरी होने राशन दुकानों के सत्यापन के बिना नहीं बंटेगा चावल 10 दिन में 13 हजार राशन दुकानों की जांच करनी है।

### कालाबाजारी, ओवर स्टाक की शिकायतें

उल्लेखनीय है कि खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने राशन दुकानों में राशन की कालाबाजारी, ओवर स्टॉक आदि की शिकायतों के चलते सभी दुकानों का वार्षिक भौतिक सत्यापन करने का आदेश जारी किया था। सत्यापन में यह देखा गया कि दुकानों में कितना राशन बाकी था, कितना बंटा और दुकान के खिलाफ कोई मामला तो लंबित नहीं है। ध्यान रहे कि बिलासपुर में ही सबसे अधिक शिकायतें मिलीं थीं। अब जांच में सब ओके हो गया है। जाहिर है कुछ खास दुकानदारों को बचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

### कार्रवाई जरूर होगी

सत्यापन के दौरान आनलाइन व ऑफलाइन रिकार्ड के साथ ही चावल, शक्कर की बोरियों का मिलान किया गया। अभी 180 के करीब दुकानों के सत्यापन रिपोर्ट इंस्पेक्टरों द्वारा जमा नहीं की गई है। गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई जरूर होगी।

**- अनुराग सिंह भदौरिया,**
खाद्य, नियंत्रक

**एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर पहुंची**

# गोदाम में लगी भीषण आग, एसी, फ्रिज के गैस सिलेण्डर फटने से इलाका दहला



जूना बिलासपुर स्थित इलेक्ट्रानिक बर्ड के गोदाम में धधकती आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जूना बिलासपुर स्थित इलेक्ट्रानिक बर्ड के गोदाम में मंगलवार की शाम आग लगने से अफरा तफरी मच गई। एसी, फ्रिज के गैस सिलेण्डर फटने से आसपास का इलाका दहल गया। देर रात तक एसडीआरएफ की टीम आग बुझाने का प्रयास कर रही थी। बताया जाता है गोदाम में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया है।

जूना बिलासपुर स्थित मनोहर टाकीज के बाजू में इलेक्ट्रानिक बर्ड के संचालक राजेश कश्यप का मकान व गोदाम है। मंगलवार की शाम लगभग 7 बजे गोदाम में आग लग गई और देखते ही देखते गोदाम में भीषण रूप ले लिया। नीचे गोदाम में आग लगने से ऊपर रहने वाले श्री कश्यप व उनके परिजन आनन फानन में बाहर निकलकर सड़क पर आ गए। बड़ी संख्या में गोदाम में एसी, फ्रीज, एलईडी सहित अन्य इलेक्ट्रानिक सामान होने से तेजी से आग गोदाम में फैल गई। गोदाम में बने रोशनदान से आग की लपटें बाहर आने लगीं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गया। उसके कुछ देर बाद एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर पहुंच गए। टीम गोदाम में सामने, पीछे व मनोहर टाकीज की ओर से गोदाम में पानी डालकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। देखते ही देखते दो दमकल पानी खत्म हो गई और फिर से दो दमकल पानी लाया गया। तीन घण्टे बाद आग पर काबू पाया गया। उसके बाद भी गोदाम में आग की लपटें निकल रही थीं और टीम आग बुझाने में जुटी हुई थी। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, आग कैसे लगा इसकी जानकारी नहीं हो पाई है।

### दहला पूरा इलाका

गोदाम के भीषण आग की चपेट में आने पर एसी व फ्रिज में लगे गैस के सिलेण्डर पटाखों की तरह फूटते रहे। इसकी आवाज से पूरा इलाका गूंज उठा और लोगों की भीड़ लग गई। भीड़ के चलते दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी उठानी पड़ रही थी।

### ट्रैफिक जाम, लोग परेशान

शाम के समय कोतवाली से जूना बिलासपुर रोड में ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। गोदाम में आग लगने से बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ गई। इससे ट्रैफिक जाम हो गया और दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर लोगों को हटाते हुए आवागमन सामान्य कराया गया है।

### जेसीबी से तोड़ी गई दीवार

एसडीआरएफ टीम द्वारा आग बुझाने के बाद भी गोदाम में धुंआ भरा हुआ था और रूक-रूककर आग भड़क रही थी। इस पर जेसीबी से गोदाम के चार जगहों पर दीवार तोड़ा गया। उसके बाद पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास चलता रहा।

**23 लोगों के मकान पर चला बुलडोजर**

# बिरकोना में 10 एकड़ सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण



बिरकोना में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद का नजारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिरकोना इलाके में मंगलवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 एकड़ सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाया। इस जमीन पर 23 लोगों ने लंबे समय से कब्जा कर पक्के मकान बना लिए थे। शिकायत मिलने के बाद कलेक्टर बिलासपुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को जांच व आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

■ **कलेक्टर के आदेश पर हुई कार्रवाई**

कलेक्टर के आदेश पर तहसीलदार गरिमा ठाकुर, जोन कमिश्नर, राजस्व अमला और पुलिस बल की टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। प्रशासन ने इससे पहले अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, साथ ही 9 अप्रैल को बेदखली आदेश जारी करते हुए उन्हें स्वयं कब्जा हटाने का अंतिम मौका दिया गया था। तय समयसीमा में कब्जा नहीं हटाने के चलते प्रशासन ने सख्ती दिखाई और मंगलवार को कार्रवाई की।

### कार्रवाई रही शांतिपूर्ण

कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन की ओर से बताया गया कि यह कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मौके पर उपस्थित जोन कमिश्नर और राजस्व अधिकारियों ने स्थिति पर लगातार निगरानी रखी हुई थी।

### इन लोगों का हटाया गया कब्जा

प्रशासन ने 23 लोगों के अवैध कब्जे हटाए गए हैं जिनमें विकास पिता रामभजन, श्याम बाई पति जनक गोड़, पूनम पांडेय पति आशुतोष, प्रमीला यादव पति विनोद, पोस्टमेन पिता रामचरण साहू, महगुराम, नरेंद्र, अरुण बघेल, रामायण गोड़, अशोक गोड़, कुमारी गोड़, ईश्वरी गोड़, दुर्गेश साहू, गोपी गोस्वामी, हजारीलाल सूर्यवंशी, राजकुमार शुक्ला, फागूराम, बरातू मानू, जनऊ, बनऊ, धनऊ, अर्जुन, दिलीप एवं सुंदर पिता समेलाल आदि के शामिल हैं।

### प्रशासन सख्त, आगे भी होगी कार्रवाई

राजस्व विभाग ने स्पष्ट किया है कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में बिना किसी दबाव के सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार गरिमा ठाकुर ने बताया कि सरकारी जमीन को खाली कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# सीयू: विवाद के बाद एनएसएस समन्वयक हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस छात्र-छात्राओं से कैंप दौरान विवाद होने से यूनिवर्सिटी के एनएसएस समन्वयक को हटा दिया गया है। मंगलवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने प्रो. दिलीप झा को हटाकर उनकी जगह पर प्रो. राजेन्द्र मेहता को एनएसएस समन्वयक नियुक्त किया है।

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कार्यवाहक रजिस्ट्रार एएस रणदिवे द्वारा सक्षम अनुमोदन उपरांत मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार अर्थशास्त्र विभाग के आचार्य प्रो. दिलीप झा को राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक पद से हटा दिया गया है। इस आदेश के तहत प्रो. झा के स्थान पर ग्रामीण प्रौद्योगिक विभाग के प्रो. राजेन्द्र मेहता को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का समन्वयक नियुक्त किया गया है। एनएसएस समन्वयक को हटाए जाने के आदेश में भले ही यूनिवर्सिटी द्वारा प्रशासनिक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन का जिक्र किया गया है, किन्तु यूनिवर्सिटी में इस बात का हल्ला है कि एनएसएस कैंप दौरान नमाज वाले मामले को लेकर ही समन्वयक को हटाया गया है। क्योंकि यूनिवर्सिटी द्वारा समन्वयक बदले जाने के आदेश के ठीक एक दिन पहले सोमवार को यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की ओर से कोनी थाना में लिखित शिकायत की गई थी और थाने में शिकायत के बाद ही यूनिवर्सिटी प्रशासन हरकत में आया है।

■ **विद्यार्थियों की ओर से थाने में शिकायत करने के बाद हरकत में आया विवि प्रशासन**

### विद्यार्थियों ने सीयू प्रबंधन से भी की थी शिकायत




गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस विद्यार्थियों के कैंप दौरान योगा के समय पर सुबह नमाज पढ़ने का स्टेप कराया गया। इसे लेकर विद्यार्थियों ने विरोध भी जताया था। एनएसएस कैंप से वापस लौटने के बाद कुछ विद्यार्थियों ने प्रबंधन से इस मामले की शिकायत भी की थी। गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शिवतराई में सात दिवसीय कैंप आयोजित किया गया था। इस एनएसएस कैंप में यूनिवर्सिटी के 159 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। कैंप दौरान सुबह 6.15 बजे से 7 बजे के बीच योगा का समय रहता था।

### कैंप में डेढ़ सौ से अधिक हिन्दू विद्यार्थी थे शामिल

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस कैंप में डेढ़ सौ से अधिक हिन्दू विद्यार्थी शामिल थे, इसलिए बहुत से विद्यार्थियों को यह जबरदस्ती लगा, क्योंकि उनकी सहमति नहीं ली गई। इसके बाद विद्यार्थियों के बीच भीतर ही भीतर विरोध शुरू हो गया और उनमें से कुछ विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन से इसकी शिकायत भी की। नाम नहीं छापने के शर्त पर विद्यार्थियों ने बताया कि एनएसएस कैंप में सभी सुबह 5 बजे उठकर 5.30 बजे प्रभात फेरी के लिए निकल पड़ते थे, फिर हम शिविर में 6 बजे के आसपास वापस आते हैं जहां हम सभी जुम्बा तथा योगा करते थे। लेकिन कोर मेम्बर ने आदेश देते हुए कहा कि आप सभी को ये चार बच्चे मंच पर नमाज कैसे पढ़ी जाति है वो दिखाएंगे, उसके पश्चात बाकी बच्चों ने नमाज पढ़ी।

### बदले गए हैं समन्वयक

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बच्चें एनएसएस कैंप में गए थे, जिसमें अलग-अलग समुदाय, धर्म के बच्चें शामिल थे। जहां तक एनएसएस समन्वयक वाली बात है तो हटाए जाने वाली बात नहीं है, उन्हें बदला गया है और प्रो. झा की जगह पर प्रो. मेहता को समन्वयक बनाया गया है।

**प्रो. एमएन त्रिपाठी**
मीडिया, प्रभारी सीयू

### भगत प्रबंध संचालक, साय चीफ इंजीनियर बनाए गए

बिलासपुर। जल संसाधन विभाग में पदस्थ चीफ इंजीनियर और अधीक्षण यंत्री का तबादला हो चुका है। हसदेव कछार के मुख्य अभियंता जेआर भगत को छत्तीसगढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का प्रबंध संचालक बनाया गया है, वहीं उनकी जगह अधीक्षण यंत्री अरूण साय को प्रभारी चीफ इंजीनियर बनाया गया है। दरअसल दोनों अधिकारियों की पदस्थापना जनवरी माह में ही कर दी गई थी, लेकिन कोर्ट में मामला पेंडिंग होने के कारण पदस्थापना नहीं की जा सकी थी। कोर्ट से फैसला होने के बाद जेआर भगत को रायपुर सीआईडीसी में पदस्थ किया गया है। वहीं अधीक्षण यंत्री के तौर पर छुईखदान के ईई जीडी रामटेके को बिलासपुर में पदस्थापित किया गया है।

### दावा-आपत्ति 24 तक

**बिलासपुर।** तिफरा के वार्ड क्रमांक 8 के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 8 में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। आवेदनों के मूल्यांकन पश्चात अंतिम सूची एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय बिल्हा एवं आयुक्त निगम कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। आवेदिका 24 अप्रैल तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

## एयू में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मचाया हंगामा

**बिलासपुर।** एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अटल यूनिवर्सिटी में जमकर हंगामा मचाया और मेनगेट पर चढ़कर नारेबाजी की। पिछले कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ता यूनिवर्सिटी अधिकारियों से मिलने जा रहे थे, किन्तु उन्हें मेनगेट पर ताला लगाकर रोका गया। पुलिस भी वहां पहुंच गई थी, जिसपर कार्यकर्ता गेट पर ही चढ़ गए और नारेबाजी करने लगे।

एयू के खिलाफ एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले तेरह दिनों से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है आज अंतिम चरण का प्रदर्शन था। एनएसयूआई द्वारा 3 अप्रैल से यूनिवर्सिटी में व्याप्त शैक्षणिक ठहराव, परीक्षा परिणामों की अनियमितता और प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में शवयात्रा निकालकर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन स्वरूप सिर भी मुंडाया। आज एनएसयूआई से जुड़े छात्र-छात्राएं विवि के पास एकत्रित होकर अधिकारियों से मिलने भीतर जा रहे थे, किन्तु मेनगेट पर तालाबंदी कर दी गई थी। आज के इस प्रदर्शन में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह, पुष्पराज साहू, प्रदीप सिंह, करन यादव, सुमित ठाकुर, विनीता विश्वकर्मा, यशोदा वारे, निशा प्रजापति, ओमप्रकाश, मीत, राहुल, जीतू, अभिषेक, अनुज, विकास, गज्जू, सागर, सुनील, गौरव, आयुष आदि शामिल थे।



## सड़क पर केक काटकर बर्थ डे मनाते 4 युवक गिरफ्तार, 15 बाइक जब्त

**बिलासपुर।** सड़क में केक काटकर बर्थ डे मनाने वाले 4 युवकों को पकड़कर 15 बाइक जब्त की गई है।

सरकण्डा सीएसपी सिद्धार्थ बघेल ने बताया, सोमवार की रात शहर भ्रमण के दौरान सूचना मिली राजकिशोर नगर बीएसएनएल कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में लड़के 10 से 15 बाइक सड़क में खड़ी कर केक काटकर बर्थ डे मना रहे हैं। पुलिस मौके पर गई तो दूर से पुलिस गाड़ी को देखकर आनन फानन में युवक बाइक छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर इरफान अली पिता पीर अली 22 साल अटल आवास लिंगियाडीह, सतीश उर्फ मोन्टू यादव पिता गिरधारी



यादव 29 साल अटल आवास लिंगियाडीह, इब्राहिम डेविड बेलाडरेस पिता डेनिस बेलाडरेस 24 साल तुलसी आवास राजकिशोरनगर, आकाश ठाकुर पिता अशोक ठाकुर 19 साल टिकरापारा निवासी को पकड़ लिया। वहीं मौके से 15 बाइक बरामद की गई है। पुलिस ने युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक व जब्त 15 नग बाइक पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रेन में बिगड़ी नवजात की हालत आक्सीजन से बचाई गई जान

**बिलासपुर।** रायपुर से पटना तक साउथ बिहार में सफर कर रहे दंपती के नवजात की हालत अचानक बिगड़ गई। सूचना मिलते ही बिलासपुर स्टेशन मे ट्रेन पहुंचने के बाद तत्काल आक्सीज की व्यवस्था कर बच्चे की जान बचाई गई। बिहार के एक दंपती अपने नवजात शिशु के साथ रायपुर से पटना तक दुर्ग-आरा जंक्शन साउथ बिहार में सफर कर रहे थे। बच्चे को हृदय संबंधी गंभीर समस्या थी। उसका इलाज कराने रायपुर के एम्स लेकर गए थे। आवश्यक चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण वे अपने शिशु को पटना एम्स वापस लेकर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में नवजात को दी जा रही आक्सीजन सपोर्ट के लिए लगाए गए सिलेंडर का स्तर तेजी से गिरने लगा, जिससे बच्चे की स्थिति गंभीर होने लगी। मंगलवार की सुबह साउथ बिहार बिलासपुर स्टेशन पहुंची। सूचना मिलते ही प्लेटफार्म पर तैनात सिविल डिफेंस स्टाफ ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए तत्परता से कार्य किया और तत्काल नवजात के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था की। इसके साथ ही शिशु के लिए चिकित्सा सहायता भी उपलब्ध कराई गई, जिससे उसकी स्थिति में सुधार हुआ। शिशु के मुख से रोने की आवाज सुनने के बाद दंपती को भी राहत मिली।

# जंगल में आग लगने की घटना को रोकने ग्रामीणों को दिए जाएंगे माइक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एटीआर के जंगल में आग लगने की घटना को रोकने ग्रामीणों को माइक सेट देने का निर्णय लिया गया है। ग्रामीण माइक के जरिए गांव के लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। वहीं आग लगने की घटना की सूचना मिलते ही मौके पर तत्काल टीम पहुंचकर उसे बुझाने में जुट जाएगी। प्रबंधन के इस पहले से आग लगने की संभावना कम होगी और वन्यप्राणी सुरक्षित रहेंगे।



गर्मी के मौसम में आग लगने की घटना सबसे ज्यादा जंगल एरिया में होती है। इस मौसम में पेड़ के पत्ते सूखने के बाद जमीन पर गिर जाते हैं, जहां ग्रामीण बीड़ी पीने के बाद उसे फेंक देते हैं। यही वजह है कि जंगल में गर्मी के मौसम में आग लगने की घटना होती है। इसके कारण वन विभाग को भी लाखों का नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं आग लगने की घटना से वन्यप्राणियों को भी मुश्किल होती है और वे जंगल से गांव की ओर रूख करने लगते हैं। बिलासपुर वन मंडल के चारों रेंज के अलावा अचानकमार टाइगर रिजर्व में भी घना जंगल हैं। यहां बफर के अलावा कोर जोन में मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों की संख्या भी अधिक है। आग की घटना को रोकने के लिए विभागीय अफसर प्रतिवर्ष संविदा नियुक्ति देकर फायर वाचर रखते हैं, जो पूरे जंगल का भ्रमण कर आग लगने की जानकारी देने के साथ उसे बुझाने का भी काम करते हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन के जंगल में आग की घटना को कम करने के लिए विशेष रूप से कोटा में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके साथ ही रायपुर मुख्यालय से भी सेटेलाइट के माध्यम से जंगल में लगने वाली आग के संबंध में जानकारी मिल रही है। अब एटीआर प्रबंधन ने कंट्रोल रूम के साथ ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक गांव में एक माइक सेट, हैंड हेड हेल्ड को देने का निर्णय लिया है, जिसमें एक व्यक्ति सायकल पर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए आग की घटना से बचाव के लिए अनाउंसमेंट करने का कार्य करेगा।

## खबर संक्षेप

### युवकों ने किया मृत गाय का अंतिम संस्कार

**कोरबा।** जिला गौ सेवा संयोजक लालिमा जायसवाल ने बताया कि गौ सेवा गतिविधि में अनेक आयाम जैसे गोमाता के उपचार, जैविक कृषि, गोबर गोमूत्र उत्पाद, गोकथा, गौ ऊर्जा, गौ आधारित मनुष्य चिकित्सा, गौ विज्ञान परीक्षा आदि जिनमें क्रमशः बच्चों से लेकर बड़ों तक को गौमाता के सेवा से जोड़ने की प्रक्रिया लगातार चल रही है। जिसमें परिणामतः युवा वर्ग जागरूक हो रहे हैं। बालको के परसाभाटा क्षेत्र में एक गौवंश गड्ढे में गिर गया था, जिसे युवा संगठन परसाभाठा के तरुण चौहान, सुमित आदि युवाओं ने बड़ी मुश्किलों से बाहर निकाला। चिकित्सीय उपचार के दौरान गौमाता की देह शांत पड़ गई। चूंकि शाम का समय था, शासन प्रशासन से कोई सहयोग की स्थिति नहीं बनी, तब उक्त संगठन के युवाओं ने मिलकर गौमाता को दूर जंगल में लेकर गड्ढा खोदकर विधि विधान से अंतिम संस्कार किये।

### क्रीड़ा से चरित्र और चरित्र से राष्ट्र निर्माण क्रीड़ा भारती का उद्देश्य : दीवान



**कोरबा।** क्रीड़ा भारती संगठन की विकास यात्रा में क्रीड़ा केंद्र का विचार जहां गाँव वहाँ खेल मैदान की अवधारणा से आया और क्रीड़ा भारती का कार्य क्रीड़ा केंद्रों में स्पष्ट दिखाई देता है। खिलाड़ी एवं समाज के प्रत्येक व्यक्ति अपनी आयु, शिक्षा, लिंग आदि को भूलकर खेल मैदान में आएं तथा आनंद, स्वास्थ्य तथा देश के लिए स्वयं की पसंद का कोई ना कोई खेल प्रतिदिन खेले एवं स्वस्थ भारत समर्थ भारत के निर्माण में सहयोग देकर खेल से शारीरिक क्षमता बढ़ाने की करने की बात कही। उक्त बातें श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर क्रीड़ा केंद्र 360 शतरंज एकेडमी, कोरबा में खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों द्वारा हनुमान की पूजा अर्चना के साथ हनुमान चालीसा पुस्तिका का वितरण कर सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष केडी दीवान ने भगवान हनुमान जी की और क्रीड़ा भारती के उद्देश्य पर मार्गदर्शन के रूप मे कहीं और साथ ही सभी खिलाड़ियों के मध्य सांस्कृतिक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन करते हुये उन्हें पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती जिला मंत्री बालगोविंद जायसवाल, शतरंज अकादमी प्रमुख डॉ नंद कुमार त्रिपाठी, रविन्द्र दुबे, साहित खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### पत्नी के हत्यारे को पड़ोसी जिले से पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरबा।** एक विवाहिता की घर में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली थी। जहां उसके पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर फरार हो गया था। पुलिस ने दो दिनों बाद उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि कोतवाली क्षेत्र के रामसागरपारा स्थित एक मकान में दुर्गा राजपूत उम्र लगभग 23 वर्ष पति राज कुमार राजपूत एक साथ रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक 2 वर्ष पहले ही दुर्गा ने राजकुमार से दूसरी शादी की थी। 4 माह पहले ही दुर्गा ने बच्चे को जन्म दिया था। बताया जाता है कि शादी के कुछ माह बाद से ही दोनों पति पत्नी में अक्सर वाद विवाद हुआ करता था। रविवार की दोपहर लगभग 1 बजे पुनः पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था और राजकुमार अपनी पत्नी दुर्गा की हत्या कर फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने रविवार को पड़ोसी जिले बिलासपुर में दबिश देकर राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक दुर्गा राजपूत अपने पति के चरित्र को लेकर संदेह करती थी और इसी बात को लेकर दोनों में विवाद होता था। घटना दिनांक को भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ था जहां राजकुमार ने अपनी पत्नी का गला दबाकर फरार हो गया था।

## निधन

### नवीन उपाध्याय



**कोरबा।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री महाराणा प्रताप नगर की पूर्व पार्षद व राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय के पति नवीन उपाध्याय 62 वर्ष का रायपुर में इलाज के दौरान निधान हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 अप्रैल की सुबह 11 बजे पोंड़ीबहार स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार शोसंतप्त छोड़ गए हैं।

### डेढ़ माह में निगम ने की 5 करोड़ रूपए से अधिक की राजस्व वसूली

# बकायादारों की संपत्ति सील, डेढ़ लाख से अधिक थी बकाया राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा ऐसे बड़े बकायादारों, जिनके द्वारा बकाया करों की राशि निगम कोष में नहीं जमा कराई जा रही

**खास बात**

- वार्ड क्रमांक 6 में हुई कार्यवाही, रोजना 15 से 20 लाख की बकाया राशि हो रही जमा



दुकान सील करने की कार्यवाही करता निगम अमला।

उनकी सम्पत्तियों को सील करने की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में वार्ड क्र. 6 में मोहनलाल अग्रवाल के नाम से दर्ज सम्पत्ति को निगम ने सील कर दिया है, उन पर 1 लाख 63 हजार से अधिक की कर राशि बकाया है। निगम द्वारा की जा रही कार्यवाही के फलस्वरूप अब प्रतिदिन औसतन 15 से 20 लाख रूपये की बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा होने लगी है। वहीं विगत डेढ़ माह के दौरान लगभग 5 करोड रूपये के राजस्व की वसूली निगम द्वारा की जा चुकी है।

उल्लेखनीय है कि निगम को देय विभिन्न करों को समय पर निगम कोष जमा कराने की जवाबदारी स्वयं करदाता की होती है ताकि समय पर करों का भुगतान हो सके तथा करों की बकाया राशि में अनावश्यक वृद्धि न हों, किन्तु निगम के राजस्व अमले द्वारा इन बकायादारों से बार-बार आग्रह किए जाने के बावजूद कर की राशि जमा नहीं कराई जाती, जिससे निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है, नगर के विकास कार्य व नागरिक सुविधाएं प्रभावित होती हैं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने इस स्थिति के मद्देनजर बकाया कर राशि की वसूली हेतु ठोस कदम उठाते हुए टास्क फोर्स दल का गठन कर बड़े बकायादारों की सम्पत्तियों को सील करने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए थे। उक्त कार्य दल द्वारा बडे. बकायादारों की सम्पत्तियों को सील करने की कार्यवाही की जा रही है। पूर्व में 6 बड़े बकायादारों के 19 भवन, दुकान आदि को सील किया गया था। इसी कड़ी में वार्ड क्र. 6 में मोहनलाल अग्रवाल के नाम पर दर्ज सम्पत्ति को निगम द्वारा सील किया गया है। उन पर 1 लाख 63 हजार रूपये से अधिक की बकाया कर राशि शेष है। इसी प्रकार अनेक बड़े बकायादारों की सम्पत्तियों सील करने के लिए जब टास्क फोर्स दल के सदस्य पहुंच रहे हैं, तब इन बड़े बकायादारों द्वारा सीलिंग से बचने के लिए तत्काल बकाया कर राशि निगम कोष में जमा कराई जा रही है। टास्क फोर्स के द्वारा की जा रही इस कार्यवाही के परिणाम स्वरूप बकायादारों द्वारा बकाया राशि जमा कराने में तेजी आई है। वहीं दूसरी ओर निगम द्वारा विगत डेढ़ माह के दौरान 5 करोड़ रूपये से अधिक की बकाया कर राशि की वसूली की जा चुकी है।

# सुशासन तिहार के आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर व उपस्थित निगम आयुक्त व सीईओ जिला पंचायत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की स्थिति और इसके निराकरण की कार्यवाही की समीक्षा

**खास बात**

- समाधान शिविर से पहले निराकरण के दिए निर्देश

की। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त सभी आवेदन की ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करने के साथ ही निर्देशित किया कि 5 मई से प्रारंभ हो रहे समाधान शिविर के पूर्व सभी आवेदन का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राजस्व विभाग अंतर्गत सीमांकन, नामान्तरण, अविवादित नामांतरण, अविवादित बटवारा, खाद्य विभाग अंतर्गत राशनकार्ड बनाने, पेंशन, शौचालय की मांग का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी नोडल अधिकारियों को मॉनिटरिंग करने और क्लस्टर अनुसार ग्राम पंचायत के आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश देते हुए कोई भी शिकायत लम्बित नहीं रखने तथा गुणवत्तापूर्ण निराकरण नहीं किए जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही है। उन्होंने कहा कि आम लोगों ने उम्मीद और विश्वास के साथ आवेदन दिए हैं, सभी आवेदन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इसमें किसी तरह की लापरवाही या चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे टीएल अंतर्गत प्रेषित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में गंभीरता के साथ सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने हाल ही में स्थानांतरित पटवारियों के नए हल्का में जॉइनिंग की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय जाँच के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लम्बे समय से अनुपस्थित शिक्षक, पटवारी अन्य के प्रकरणों के 4 फ़ाइल 4 दिन के भीतर पुट अप करने के निर्देश दिए।

### सभी विभागों को समय पर काम करने दिए निर्देश

कलेक्टर ने दिव्यांग विद्यालय में जरूरतमंद और पात्र दिव्यांग विद्यार्थियों को लाभान्वित करते हुए विद्यालय में संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने संजय नगर अंडर ब्रिज, चिर्रा-श्यांग मार्ग,मॉडल रिकार्ड रूम, सखी वन स्टॉप के सम्बंध में भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों और चिकित्सकों के लिए स्वीकृत आवास के निर्माण में भूमि की कमी सम्बंधी समस्या को 7 से 10 दिवस के भीतर दूर करने तथा बीएमओ,बीईओ, पीडब्ल्यूडी, आरईएस, हाउसिंग बोर्ड को आपस में समन्वय करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि मुआवजा और मजदूरी भुगतान लम्बित न रखे। उन्होंने अंत्यावसायी अंतर्गत वसूली के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# अखिल भारतीय हिंदू महासभा का संभाग स्तरीय प्रथम सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सम्मेलन में उपस्थित महासभा के पदाधिकारी।

अखिल भारतीय हिंदू महासभा का छत्तीसगढ़ स्तरीय सम्मेलन ज़िले में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में संगठनात्मक विस्तार एवं हिंदू समाज की भावनाओं को संगठित करने हेतु कई अहम निर्णय लिए गए। कार्यक्रम में जिले भर से कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित हुए जिसमें कोरबा से राहुल गुप्ता को ज़िलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही विकास बंसल जो शोभा देवी मेमोरियल फाउंडेशन (गौसेवा कोरबा) के अध्यक्ष हैं, को ज़िला गौरक्षा प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर अन्य पदाधिकारियों में रितिक वानखेड़े (महामंत्री), सत्या जयसवाल (हिंदू बोर्ड प्रचारक), नरेंद्र जयसवाल (मीडिया प्रभारी), नीतीश यादव (ज़िला प्रचारक), तथा प्रभात साहू (ज़िला कोषाध्यक्ष) को नियुक्त किया गया। सभी को संगठन द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने प्रदेश पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन में सामूहिक प्रयास से हिंदू, हिंदी और हिंदुत्व के संरक्षण व संवर्धन हेतु संगठित हिंदू समाज की परिकल्पना के बारे में विस्तार से वक्तव्य दिया। प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा अखिल भारतीय हिंदू महासभा का उद्देश्य केवल संगठनात्मक विस्तार नहीं बल्कि गौ माता की रक्षा, सेवा और हिंदू राष्ट्र की पुनर्स्थापना है। समाज में सनातन मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए यह आंदोलन निरंतर गतिशील है। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण विजय जायसवाल ने संगठन की मजबूती और सक्रिय कार्यशैली पर बल देते हुए कहा युवा कार्यकर्ताओं की भागीदारी और तत्परता संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। हमें गांव-गांव, गली-गली जाकर हिंदू समाज को संगठित करना है। कार्यक्रम का समापन संगठन की एकता, अनुशासन और जनजागरण की प्रतिबद्धता के साथ हुआ। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने 'हिंदू राष्ट्र' की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान सम्मेलन में निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश यादव, संभाग अध्यक्ष बिलासपुर निखिल अग्रवाल तथा सक्ती ज़िला अध्यक्ष फूलचंद डनसेना उपस्थित थे।

# विद्युत कर्मचारियों का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन 11-12

**खास बात**

- श्रीमती पुर्णिमा साहू बनी राष्ट्रीय कार्यसमिति की सदस्य

अप्रैल को मारुति मंगलम, गुढ़ियारी रायपुर में सम्पन्न हुआ। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मेजबानी में भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन 11-12 अप्रैल को मारुति मंगलम, गुढ़ियारी रायपुर में सम्पन्न हुआ।

दो दिवसीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित हुए तथा उद्घाटन कर्ता व मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री रविन्द्र हिमते शामिल हुए।



अधिवेशन में शामिल बीएमएस के कार्यकर्ता।

अधिवेशन के दौरान कुल 8 सत्र हुए अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विद्युत के क्षेत्र में एवं विद्युत कर्मचारियों के समस्याओं के समाधान के लिए सरकार हमेशा साथ है, निश्चित रूप से निराकरण किया जाएगा। अधिवेशन के दूसरे दिन सुबह अधिवेशन स्थल मारुति मंगलम भवन से गुढियारी भ्रमण करते हुए एक विशाल रैली निकाल कर देश भर के बिजली कर्मचारियों ने अपना शक्ति प्रदर्शन किया। अधिवेशन को राष्ट्रीय मंत्री व उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती अंजलि पटेल और क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील किरवई ने संबोधित कर ऊर्जा उद्योग के समक्ष आसन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने का आव्हान किया । अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्रीमती शोभासिंह देव, महामंत्री दिनेश कुमार पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिवेशन को सफल कराने में प्रदेश महासंघ के समस्त पदाधिकारी, सदस्यों व कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

### अधिवेशन में पारित किए गए पांच प्रस्ताव

विद्युत क्षेत्र के लिए एक राष्ट्र एक ग्रिड के तर्ज पर एक समान सेवा नियम लागू करने। विद्युत उद्योग के लिए औद्योगिक त्रिपक्षीय समिति का गठन करनेद। बिजली उद्योग में निजीकरण पर रोक लगे। विद्युत क्षेत्र में ठेका प्रथा की समाप्ति हो और आउटसोर्स श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हो। विद्युत अधिनियम संशोधन विधेयक 2023 पर पुनर्विचार हो, अधिवेशन के दौरान बौद्धिक सत्र भी हुआ। अंतिम सत्र में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल के द्वारा आगामी तीन वर्षों के लिए नए पदाधिकारियों का निर्वाचन सम्पन्न कराया गया, जिसमें अध्यक्ष मधुसूदन जोशी राजस्थान, महामंत्री राज मुरुगन तमिलनाडु, उपमहामंत्री हरीश चौहान, छत्तीसगढ़ और वित्त सचिव मनोज शर्मा छत्तीसगढ़ निर्वाचित हुए। रायपुर से डीके यद्दु, श्रीमती रीता बघेल व कोरबा से श्रीमती पूर्णिमा साहू को राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष राजकुमार नायक मध्यप्रदेश, श्रीमती भगवती मेनारिया, डीवी मनी, शर्मीला पाटिल, शशिकांत श्रीवास्तव बनाए गए।

# संविधान निर्माण में डा.अंबेडकर का योगदान अमूल्य : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बाबा साहब का देश के संविधान निर्माण में योगदान अमूल्य है। संविधान के कारण ही देश का हर नागरिक को संवैधानिक अधिकार

**खास बात**

- मनााई गई बाबा साहेब की 135वीं जयंती



अंबेडकर जयंती में उपस्थित उद्योग मंत्री लखन देवांगन व अन्य।

प्राप्त है। सभी स्वत्रंत रूप से आगे बढ़ रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहब के सम्मान में संविधान को नतमस्तक होकर प्रणाम करते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में सभी स्थानों में आज समरसता जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

उक्त बातें वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने घण्टाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान में आयोजित अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जहां समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रमुख व्यक्तियों को सम्मानित किया गया है। श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा शहर में के प्रमुख स्थान ओपन थियेटर मैदान का नाम भी बाबा साहब के नाम पर डॉ भीमराव अम्बेडकर ओपन थियेटर मैदान रखा गया है। साथ ही यहां मैदान में बाबा साहब का भव्य मूर्ति की स्थापना भी की गई है। उन्होंने कहा कि शहर के अनेक स्थानों में देश के महापुरुषों की मूर्ति की स्थापना की गई है एवं आगे भी अनेक स्थानों में अन्य महापुरुषों की मूर्ति लगाई जाएगी। कार्यक्रम में मंत्री श्री देवांगन ने विदेश में पंथी नृत्य की प्रस्तुति देकर देश का नाम रौशन करने वाली आकांक्षा केसरवानी को सम्मनित किया।

### भिलाईबाजार में मनाया गया अंबेडकर जयंती

डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती समारोह कटघोरा विकासखंड के ग्राम भिलाई बाजार में अंबेडकर चौक भिलाई बाजार में आयोजित की गई। सुबह 10 बजे से शोभायात्रा निकाली गई जो डॉ अंबेडकर चौक पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई बाजार के पास से नगर भ्रमण करते हुए पुनः उसी स्थान पर आकर आम सभा के रूप में तब्दील हो गया रैली के दौरान विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा रोहित सिंह एवं तहसीलदार कटघोरा भूषण सिंह मंडावी उपस्थित रहे। इस दौरान मुकेश जायसवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर विनोद यादव, दिनेश राठौर, दामोदर राठौर, प्राचार्य जीपी जाटवर, किरण भारती, डॉ हृदय प्रकाश अनंत, सुजीत कुमार पाटले नायब तहसीलदार पाली, डॉ सुरेन्द्र कुमार खूंटे, श्रीमती मीनू दिग्विजय सिंह, श्रीमती रजनी चंद्रभान सिंह मरकाम, देवेन्द्र सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

# गौ गोपाल मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




श्री अग्रसेन गौ सेवा समिति कनबेरी में स्थित श्री अग्रसेन गौ शाला में स्थित नव निर्मित गौ गोपाल मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण कार्यक्रम का अयोजन हुआ। अग्रवाल सभा के तत्वाधान में संचालित श्री अग्रसेन गौशाला में नव निर्मित गौ गोपाल मंदिर का चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा व लोकार्पण समारोह का अयोजन किया गया। मंत्रोचरण के साथ पूजन हवन व कलश स्थापना के साथ ही भगवान गौ गोपाल प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, गौ सेवा अयोजन के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल, महापौर श्रीमति संजू देवी राजपूत शामिल हुए। इस अवसर पर गोपाल मोदी, नागरमल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, आनंद किशोर अग्रवाल, रमेश गुप्ता सतीश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, जयंत अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राजेश बसावतिया, सतीश केडिया, मुकेश बेरलिया, मोहन अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, राजेश अग्रवाल व देवाशीष केडिया, शंकरलाल अग्रवाल, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, राजकुमार मोदी, जयप्रकाश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, हितेष अग्रवाल, साहिल जैन, मनोज अग्रवाल उपस्थित रहे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह भोग प्रसाद का वितरण

**हरदीबाजार।** हनुमान जन्मोत्सव पर क्षेत्र में जगह-जगह रामभक्तों व हनुमान भक्तों ने खीर-पूड़ी, खीचड़ी, बूंदी, केला तो कहीं शरबत पानी पिलाया गया। इसी कड़ी में हरदीबाजार बस स्टैंड में सप्तदेव मंदिर में वर्तमान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल व पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर दोनों पहुंच कर मां दुर्गा व वीर हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान बैठक आयोजित किया गया। उनके साथ हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर, उपसरपंच प्रतिनिधि रामू जायसवाल, चंद्रपाल पटेल, रघुराज सिंह उईके, छोटेलाल पटेल, मन्नु सांई राठौर सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# अर्थ के अर्थ को न समझना अर्थ का अनर्थ, बोध हो जाना परमार्थ : समता सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अर्थ के अर्थ का ज्ञान नहीं होना अनर्थ है, जो जान लेता है वो परमार्थ का अर्थ समझ जाता है। निर्यापक श्रमण समता सागर महाराज ने ऊर्जा नगरी के जैन मंदिर प्रांगण में जैन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि कोरबा में अर्थ का प्रवाह तो बहुत है मगर आपको अर्थ का अर्थ समझने की आवश्यकता है। जैन समाज को साधुओं का सत्संग चाहिए तो निरंतर प्रयास करो, भावना बलवती रखो और मन के भाव मन में ही रखो, ऐसा नहीं आचार्य श्री के समक्ष मुनि महाराजों से व्यक्त भी करते रहो। कोरबा में जैन मंदिर का विशाल परिसर है, ऐसा परिसर छत्तीसगढ़ में संभवतः अन्यत्र नहीं है। शुद्ध जल के श्रोतों का अभाव हो रहा है। मंदिरों में शुद्ध जलसंग्रह के लिये अमृत कुण्ड का प्रबंध करना चाहिए। अमृत कुण्ड में बरसात में सतह में प्रवाहमान जल को इस प्रकार संग्रहित किया जाता है कि जल तक सूर्य की रश्मियां न पहुंचे। इस प्रकार यह जल सुदीर्घ अवधि तक उपयोग योग्य बना रहता है।ऐसा प्रबंध अनेक जैन जिनालयों के परिसर में किया गया है।ये प्रबंध सुरक्षित और उपयोगी है। इसके पूर्व वेदचन्द जैन ने कहा कि निर्यापक श्रमण समता सागर महाराज का कोरबा की ऊर्जा वान भूमि पर प्रथम आगमन कोरबा जैन समाज के लिये सौभाग्य शाली अवसर है। इस अल्प प्रवास काल में ही समाज में मुनि महाराजों के सत्संग पाने की भावना में तीर्वता आयेगी।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

## खबर संक्षेप



### मिशनरी समाज से हिन्दू धर्म में वापस आने पर स्वागत

**कोरबा।** जिला संगठन के अंतर्गत केंदाई इकाई ग्राम रनईपहाड़ मयाराम केवट, दयाराम केवट के परिवार में कुल 30 लोगों को प्रलोभन देकर इसाई मिशनरी में शामिल कर दिया गया था, उन्हें सनातन संस्कृति पूजा पद्धति द्वारा चरण धोकर घर वापसी कराया गया। वर्तमान परिवेश में बढ़ती हुए मिशनरी के धर्मांतरण उद्देश्य के विषय में ज़िले संरक्षक अजित कैवर्त के द्वारा बारीकी से समझाया गया। इस अवसर पर अमरनाथ कैवर्त, दिनेश कुमार केवट, राम कुमार निषाद, किशन कैवर्त, अवधराम केवट, शिवपाल केवट, संतोष कुमार केवट का सहयोग रहा।

### जिला साहू संघ का पत्रिका विमोचन प्रतिभा सम्मान समारोह




**रजगामार।** जिला साहू संघ द्वारा जिले में साहू युवक युवती परिचय सम्मेलन, पत्रिका विमोचन एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन 13 अप्रैल को सामुदायिक भवन ढेंगुरनाला एतमानगर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता कर्मा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनलाल देवांगन उद्योग वाणिज्य एवं श्रम मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरिजा कुमार साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ कोरबा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में साहू समाज की वैवाहिक पत्रिका विमोचन कर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं समाज के नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में घनश्याम, अन्नू लाल, ईश्वर साहू, ठाकुरराम साहू, हीरालाल साहू, देवकी साहू, सविता साहू, कुमारी साहू, रंजना साहू, इंदु उपासना, साहू भगवती साहू, शिव साहू, पुष्पकला साहू, ओमकेश्वरी साहू, रजनी चौधरी, परमेश्वरी साहू, बिंदा साहू, सुनीता, रानी साहू, रामेश्वरी साहू, मनोरमा साहू, अंजू साहू उपस्थित रहे।

### आदर्श नगर कुसमुंडा में चैम्पियंस एकेडमी का शुभारंभ



**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन के सहयोग से आदर्श सामुदायिक मनोरंजन केंद्र, आदर्श नगर कुसमुंडा में चैम्पियंस एकेडमी का शुभारंभ किया गया। हीरेन चंद्रा एवं अमिया मिश्रा ने संयुक्त रुप से कहा कि सभी उपस्थित खिलाड़ियों से बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने, खिलाड़ियों की बात और परेशानियों को एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन तक पहुंचाने, खेल के माध्यम से खिलाड़ियों में खेल भावना का विकास तथा खिलाड़ियों की अपेक्षाओं को पूर्ण करने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कह खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं अंतराष्ट्रीय रेफरी कमलेश देवांगन ने बताया कि कुसमुंडा क्षेत्र में लंबे समय से मार्शल आर्ट खेल के अभ्यास हेतु भवन या हॉल की मांग की जा रही थी । सामुदायिक भवन में हॉल मिलने से खिलाड़ियों को हो रही समस्याओं का निराकरण होगा जिसमें खेल अभ्यास से जुड़े उपकरण संघ के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे । चैम्पियंस एकेडमी में मार्शल आर्ट्स के विभिन्न खेल विधाओं के अंतर्गत जूडो, कराते, म्यूथाई, बॉक्सिंग, कलरिपयट्टू, वोविनाम मार्शल आर्ट, ताइक्वांडो एवं एरोबिक्स फिटनेस का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर औपचारिक उदघाटन समारोह में हीरेन चंद्रा, अमिया मिश्रा, रामशरण साहू, भुवनेश्वर दास वैष्णव, मुकुंद जी एवं कमलेश देवांगन उपस्थित रहे।

---

प्रचार प्रसार के लिए ब्लॉक मुख्यालय में खोली जानी थी दुकानें

# ब्लॉक मुख्यालय तक नहीं पहुंच रही खादी ग्राम उद्योग की योजनाएं




फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में छोटे कुटीर उद्योग और खादी वस्त्र से जुड़े व्यवसाय के लिए प्रचार प्रसार करने हेतु ब्लॉक मुख्यालय में दुकानें प्रारंभ करने की योजनाएं शासन स्तर पर बनी थी और अब तक जिला मुख्यालय को छोड़ कहीं भी दुकानें शुरु नहीं हो सकी है जिसके वजह से खादी के प्रति लोगों का रुझान भी कम होते नजर आ रहा है।

जिला बनने के दौरान ही खादी ग्राम उद्योग की एक मात्र दुकान पुराना बस स्टैंड में संचालित होती थी। इसके अलावा जिले में कहीं और दुकानें बन सकी है और इसके लिए कोई प्रयास नजर आ रहा है। जिला मुख्यालय के अलावा ब्लॉक मुख्यालय तक योजनाओं का प्रसार प्रसार के लिए सर्व प्रथम दुकानें प्रारंभ करने की तैयारी थी। जिस पर अमल नहीं हो सका है। खादी ग्रामों उद्योग के कई प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए कोरबा जिले में प्रवास भी हुआ किंतु योजनाओं के लिए उनके द्वारा दिए गए निर्देशों पर अमल नहीं हुआ है। यही कारण है कि दुकानें प्रारंभ नहीं हो सकी। ब्लॉक मुख्यालय तक तथा ग्रामीणों को खादी ग्रामों उद्योग से जुड़ी योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती है। खादी के प्रचार प्रसार के दौरान छोटे उद्योगों को स्थापित करने के लिए खादी ग्राम उद्योग के माध्यम से लोन वितरण की व्यवस्था है। विभागीय प्रचार प्रसार न होने से आम मध्यम परिवार के बेरोजगार युवकों को इन योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती।

**राज्योत्सव में लगता है स्टॉल**

विभाग की योजनाओं के प्रचार प्रसार का स्टॉल राज्योत्सव के दौरान ही नजर आता है। जिला पंचायत में चलने वाले खादी ग्राम उद्योग के दफ्तर में एक कर्मचारी के भरोसे पूरा विभाग संचालित हो रहा है। जिला पंचायत और प्रशासन स्तर पर आहूत की जाने वाली विभागीय बैठकों में भी इसकी समीक्षा नहीं होने से इतने ही हितग्राही लोन से लाभान्वित हुए। खादी कपड़ों के प्रचार प्रसार के विषय में विभागीय कार्यवाही की भी जानकारी नहीं मिल पाती। एक अधिकारी के भरोसे ही रायगढ़ और कोरबा जिला का विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। एक अधिकारी और रायगढ़ तथा कोरबा का प्रभार होने से आम हितग्राहियों से अधिकारियों की मुलाकात नहीं हो पाती।

---

# जटगा के शासकीय कॉलेज का स्थान बदलने की चल रही कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




फाइल फोटो

जिले के सबसे बड़े विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम जटगा में पांच वर्ष पूर्व शुरु किए गए शासकीय महाविद्यालय में छात्रों की दर्ज संख्या नहीं बढ़ने की वजह से उसे विकासखंड में ही कहीं अन्य स्थान पर संचालित किए जाने की कवायद चल रही है। जहां प्रवेश के लिए महाविद्यालय को छात्र मिल सके।

**खास बातें**

- पिछले 5 साल से महाविद्यालय में नहीं बढ़ रही छात्रों की संख्या
- पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में महज एक कॉलेज का हो रहा संचालन

ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विस्तार करने के उद्देश्य से लगातार प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रयास किए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में पाली तानाखार विधानसभा के अंतर्गत आने वाले जिले के सबसे बड़े विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत जटगा में शासकीय महाविद्यालय की शुरुआत की गई थी। भवन न होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के लिए स्थानीय हाई स्कूल के दो कमरों में ही कॉलेज का संचालन शुरु किया गया था। साइंस, कार्मस, आर्ट संकाय के साथ शुरु इस कॉलेज में छात्रों की दर्ज संख्या सौ भी नहीं पहुंच सकी है। जबकि कॉलेज को शुरु हुए पांच हो गए हैं। ऐसी स्थिति में कॉलेज के चयनित स्थान पर सवाल खड़े हो गए थे। बताया जाता है कि जटगा क्षेत्र में आसपास कोई बड़े हाई स्कूल नहीं होने से महाविद्यालय में छात्र प्रवेश लेने नहीं पहुंच रहे थे। इसे देखते हुए महाविद्यालय को किसी अन्य स्थान पर संचालित करने की तैयारी चल रही है। जहां हाई स्कूलों की संख्या अधिक हो और महाविद्यालय के लिए छात्र मिल सके। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इसके लिए कवायद शुरु की है। महाविद्यालय किस स्थान पर संचालित होगा इसका अभी अधिकृत चयन नहीं हो सका है।

**पांच साल में बीएससी संकाय शुरु ही नहीं हो सका**

जटगा और शासकीय महाविद्यालय में बीएससी संकाय में किसी भी वर्ष एक भी छात्र प्रवेश लेने नहीं पहुंचा। पांच साल बीएससी संकाय का प्रवेश शून्य रहा। महज वाणिज्य और कला संकाय के ही महाविद्यालय को छात्र मिले वह भी गिनते के, जबकि महाविद्यालय में प्राचार्य और नियमित स्टॉफ की पदस्थापना भी कर दी गई है।

---

# नीलगाय को मारकर बेच रहे थे मांस, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धमनी के टाटी आथर जंगल में भ्रमण कर रही नीलगाय को घेर कर बेरहमी पूर्वक मारने एवं मांस विक्रय करने के मामले में वन अमले ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अमले ने आरोपियों से नीलगाय को मारने के लिए उपयोग किए गए हथियार व 20 किलो मांस जब्त किया है।




ग्राम टाटी आथर निवासी राम लखन पिता जगन्नाथ गोड़ (45वर्ष) बंधन पिता टल्लू पण्डो (45 वर्ष) ग्राम सलवाहो निवासी मोतीलाल पिता रामपति (41 वर्ष ) एवं सुरेश पिता रामकुमार (36वर्ष) अन्य ग्रामीणों के साथ रविवार को शिकार करने के उद्देश्य से लाठी डंडा टंगिया लेकर पास के जंगल गए थे। इस दौरान जंगल में नीलगाय को घूमते देख आरोपियों ने चारों ओर से घेरकर उस पर लाठी-डंडे व टंगिया से हमला कर बेरहमी पूर्वक मार डाला। नीलगाय को मारने के आरोपियों ने उसके अंगों को टंगिया से काट डाला तथा मांस को बेच रहे थे। घटना की सूचना पर पहुंचे वन अमले ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपियों को पकड़ा तथा उनके कब्जे से नीलगाय के टांगों का 20 किलो मांस व हत्या में उपयोग किए गए हथियारों को जब्त किया। आरोपियों की निशानदेही पर अमले ने नीलगाय का शव भी बरामद किया। आरोपियों ने जंगल में घूम रही नीलगाय को घेरकर उसकी हत्या करने एवं मांस का विक्रय करने तथा स्वयं के उपयोग के लिए मांस रखने का आरोप स्वीकार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने की सूचना पर मामले में शामिल अन्य आरोपी फरार हो गए है।

वन अमले द्वारा मामले में वन अधिनियम 1972 की धारा 9,50,51,52 के तहत आरोपियों को बलरामपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से सभी को जेल भेजा गया है। रेंजर अजय वर्मा ने बताया कि पशु चिकित्सक द्वारा नीलगाय के मांस का बिसरा जांच के लिए सुरक्षित किया गया है। कार्रवाई में रामकुमार यादव, स्कंद यादव, श्रीमती शीला यादव, हरिशचंद्र यादव, सिरनी सनोल बखला सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित थे।

---

# सीएसईबी चौक से राताखार मार्ग के बीच 25 ट्रेलर चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी चौक से लेकर इंदिरा स्टेडियम राताखार पुल में ट्रेलर चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और यातायात पुलिस द्वारा समझाइश देने के बाद भी सड़क पर ही बेतरतीब घंटों वाहनों को खड़ा कर दे रहे हैं जिसकी वजह से इस मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। लगातार समझाइश के बाद भी ट्रेलर चालक जब अपनी हरकतों से बाज नहीं आए तो मंगलवार को यातायात पुलिस की टीम सड़क पर निकल पड़ी और सड़क पर बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वाले ट्रेलर चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई कर 25 ट्रेलर चालकों के खिलाफ ट्रेलर लॉक करने की कार्रवाई की गई है और उन पर जुर्माना भी ठोका गया है।

**खास बात**

- बेतरतीब ढंग से सड़कों पर खड़ा कर रहे थे वाहन, यातायात हो रही थी बाधित




कार्यवाही करती यातायात पुलिस।

उल्लेखनीय है कि सीएसईबी चौक से लेकर इंदिरा स्टेडियम तक मुख्य मार्ग के ठीक बीचो-बीच डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही इस मार्ग में भारी वाहनों का लगातार दबाव है। पिछले दिनों यातायात पुलिस ने इस मार्ग में अतिक्रमण को हटाया था और ट्रेलर चालकों को समझाइश दी थी कि वे सड़क पर बेतरतीब वाहनों को खड़ा ना करें। बेतरतीब वाहन को ना खड़ा करने का साफ फरमान जारी किया गया था लेकिन इसके बाद भी ट्रेलर चालक लगातार सड़क पर ही वाहन खड़ा कर रहे थे। जिसके चलते इस मार्ग में आने जाने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात प्रभारी रविंद्र मीणा, एएसआई मनोज राठौर, एएसआई ईश्वरी लहरे, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की टीम मंगलवार को विशेष अभियान के तहत सीएसईबी चौक से लेकर इंदिरा स्टेडियम और इंदिरा स्टेडियम से लेकर राताखार जोड़ा पुल तक विशेष अभियान चलाया गया। जहां सड़क पर बेतरतीब वाहन पार्किंग में लगाए गए ट्रेलर चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की गई और मौके पर तत्काल ट्रेलर वाहनों में लॉक करने की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने एक दिन में ही इसी मार्ग में कुल 25 ट्रेलर चालकों के खिलाफ लॉक करने की कार्रवाई और जुर्माना वसूल करने की कार्रवाई की है। यातायात पुलिस ने माइक के माध्यम से सभी इस मार्ग में आने वाले लोगों को व ट्रेलर चालक को मालिकों को साफ इंस्ट्रक्शन जारी किया है कि आने वाले दिनों में यदि सड़क के किनारे बेतरतीब वाहन पार्किंग की गई तो उनके खिलाफ और भी सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

---

# तलवार लहराता युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि अडानी पॉवर प्लांट गेट के पास इमलीडुग्गू निवासी उमेश श्रीवास उम्र 23 वर्ष पिता प्यारे लाल श्रीवास स्टील जैसे धातु का बना तलवारनुमा हथियार दिखाकर आम लोगों को डरा रहा है। सूचना पर अडानी पावर प्लांट गेट नंबर 2 के पास पुलिस पहुंची जहां पर उमेश श्रीवास एक स्टील जैसे धातु का बना तलवारनुमा हथियार अपने दाहिने हांथ में रख कर आम लोगों को डराने के नियत से काफी आक्रोशित होकर भयाक्रांत कर रहा था जिसे आसपास के लोग काफी भयभीत हो गये थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस ने उमेश श्रीवास के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

---

# तीसरे दिन लापता हुए पांचवें का भी नहर में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार पिकअप तीन दिनों पूर्व अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई थी। जिसमें सवार 5 लोग लापता हो गए थे। जिसमें से 4 लोगों का शव पुलिस ने पहले ही नहर से बरामद कर लिया था। पांचवे का शव नगरदा के समीप नहर से बरामद कर लिया गया है। जहां वैधानिक कार्रवाई के उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि पड़ोसी जिला सक्ती थाना बाराद्वार के ग्राम रेड़ा निवासी लगभग 25 लोग पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 सी 7720 में सवार होकर रविवार की सुबह छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरहरी आ रहे थे कि तेज रफ्तार पिकअप वाहन रविवार को अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरे तरफ बने नहर में मुकुंदपुर के पास जा गिरी थी। वहीं पिकअप में सवार ईतवारी बाई 60 वर्ष, तान्या साहू 8 वर्ष, नमन 2 वर्ष, मानमती कंवर 70 वर्ष और जामबाई कंवर 70 वर्ष नहर के तेज बहाव में बह गये थे। रविवार की देर शाम नगरदा से इतवारी बाई के शव को पुलिस ने बरामद कर लिया था। घटना के तीसरे दिन मंगलवार को जामबाई कंवर 70 वर्ष का शव नगरदा के समीप नहर से बरामद कर लिया गया है।




---

# मरीज को लेने जाते समय बंद हुई संजीवनी एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में आपातकालीन सेवा 108 संजीवनी एक्सप्रेस की स्थिति चिंताजनक हो गई है। जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक ताजा घटना में इमरजेंसी कॉल आने पर 108 एंबुलेंस को रवाना करना था। लेकिन चालक जैसे ही वाहन स्टार्ट करने गया, वह चालू ही नहीं हुआ। मजबूरी में चालक को अस्पताल परिसर में मौजूद ऑटो चालकों और आम नागरिकों की मदद लेनी पड़ी।

**खास बात**

- जिला अस्पताल में 108 वाहन को धक्का देकर करना पड़ा चालू



संजीवनी 108 वाहन को धक्का मारते कर्मचारी।

करीब 5 लोगों की मदद से वाहन को धक्का दिया गया, तब कहीं जाकर एंबुलेंस चालू हुई और इमरजेंसी केस के लिए रवाना हो सकी। 108 के अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में बैटरी की खराबी के कारण वाहन बंद हो गया था। बाद में इसे ठीक कर लिया गया। बतादें कि जिले में करीब 10 एंबुलेंस शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं दे रही हैं। मरम्मत के अभाव में एंबुलेंस की हालत लगातार खराब होती जा रही है। यह सेवा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में शुरू हुई थी, जिसने राज्य में समय पर इलाज पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लेकिन अब इसकी देखरेख में घोर लापरवाही देखी जा रही है। एंबुलेंसों में स्टीयरिंग रॉड टूटने जैसी गंभीर तकनीकी खराबियां आम हो गई हैं, जो मरीजों की जान को जोखिम में डाल रही हैं। लोगों का कहना है कि यह स्थिति गंभीर है। अगर इमरजेंसी मरीज को ले जाते समय एंबुलेंस रास्ते में बंद हो जाए तो मरीज की जान को खतरा हो सकता है। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। खराब वाहन के कारण ईंधन की खपत भी अधिक हो रही है। 108 सेवा के संचालन की जिम्मेदारी जिस कंपनी को दी गई है, उसे इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

